तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024

11 होली के अंगारों पर चलकर बैगा ने की गांव में...



12 भक्तों के साथ होली खेलने गर्भगृह से बाहर निकले..





क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन
सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ
डायलिसिस सेंटर
हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)

डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन, फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी
डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी



Sanjeevani
Multispeciality Hospital
अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)
सदैव आपके लिए, आपके साथ

मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
अच्छा खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)




एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान की विशाल रेंज
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
बिटिया के बिहाव के अब टेंशन खतम अब मिलही मात्र 25000, 41000, 65000 में सब्बो बिहतरा सामान घर पहुंच सेवा के संग
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*



पर्व : जगह-जगह फाग और नृत्य-गीत की धूम

# होली पर बिखरे रंग और छाया उल्लास







हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

होली का त्योहार जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से रंग-गुलाल इस कदर उड़े की सड़कें रंगीन हो गई। लोगों ने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी। ग्रामीण क्षेत्रों में फाग गीतों पर लोग दिन भर थिरकते रहे।

सोमवार की सुबह से ही होली की खुमारी लोगों के सिर चढ़कर बोल रही थी। बच्चों ने दिन भर होली खेली।युवाओं की टोलियां भी लोगों को रंग-गुलाल से सराबोर करती रही। एक बार होली खेलने का सिलसिला शुरू हुआ तो यह क्रम चार बजे के बाद ही जाकर रुका। इस दौरान पुलिस व्यवस्था काफी चौकस रही। पुलिस ने उपद्रवियों से निपटने के लिए होली के लगभग सप्ताह भर पहले से बैठकों के माध्यम से ठोस रणनीति तैयार कर ली थी।

## ग्रामीण अंचलों में रही डंडा नृत्य की धूम

**कोपरा।** क्षेत्र में सोमवार होली के दिन शाम को सभी गावों की गलियों में होली पर्व का पारंपरिक डंडा नृत्य देखने को मिला। युवा पारंपरिक गीतों पर डंडा नृत्य करते हुए गांव का भ्रमण करते रहे। सोमवार सुबह 8 बजे से रंग-ग़ुलाल उड़ना शुरु हो गया था जो शाम तक चला। शाम 4 बजे से संस्कृति लोकनृत्य और गीतों से सजी हुई रहस की टोली गांव की गलियों में निकली। छत्तीसगढ़ में यहां हर एक तीज त्योहार पर लोकनृत्य और गीतों का चलन है। फागुन माह में होली का त्योहार नजदीक आते ही गांवों की गलियों में फाग गीतों की तान छिड़ने लगती है और युवाओं की टोली डंडा लेकर डंडा नृत्य करती नजर आती है। क्षेत्र के लोहरसी, सहसपुर, तरीघाट, धुरसा, रवेली, भेडरी, कौनद्केरा, जेंजरा, देवरी, रोहिना, कोपरा जैसे कई गांवो मे देखने को मिला।



डंडा नृत्य छत्तीसगढ़ राज्य का लोकनृत्य है। इस नृत्य को 'सैला नृत्य' भी कहा जाता है। यह पुरुषों का सर्वाधिक कलात्मक और समूह वाला नृत्य है। डंडा नृत्य में ताल का विशेष महत्व होता है। डंडों की मार से ताल पैदा होती है। यही कारण है कि इस नृत्य को मैदानी भाग में 'डंडा नृत्य' और पहाड़ी भाग में 'सैला नृत्य' कहा जाता है। इस नृत्य में 50 -60 तक सम संख्या में नर्तक होते हैं। ये धोती-कुर्ता के साथ जेकेट और गोंदा की माला से लिपटी हुई पगड़ी पहने होते हैं, जिसमें मोर पंख लगे होते हैं। वहीं महिलाएं रंग बिरंगी सूती साड़ी के साथ पारंपरिक गहनों और गोंदे की माला से सजी नजर आती हैं। छत्तीसगढ़ में होली को होरी के नाम से जाना जाता है।

## बिजली में होली पर्व की रही धूम



**छुईहा बेलर।** ग्राम बिजली में होली का त्यौहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां बजरंग मानस चौक मेन रोड, शीतला मंदिर चौक, शंकर नगर, मौली चौक में छोटे, बच्चे, बूढ़े, युवक, युवती, महिला पुरूष सभी एक रंग में रंग दिखे।लोग डीजे के संगीत के साथ नाच-गा रहे थे। एक-दूसरे को रंग-बिरंगे गुलाल लगाकर बधाई दे रहे थे। पूर्व सरपंच मोती राम निषाद, हाई स्कूल बिजली अध्यक्ष नंदू यादव, रूमन यादव, गजेंद्र निषाद,लिखन निषाद, के आर वर्मा फद्मा निषाद, कावेरी, लता, प्रियंका, रितु रानी आदि उपस्थित थे।





### होली पर की गई ग्राम देव की परिक्रमा



**खुटेरी।** ग्राम खुटेरी में होलिका दहन और शांति विसर्जन पारम्परिक ढंग से मनाया गया। होलिका दहन के बाद गांव में बुजुर्ग नगाड़ा बजाते ग्राम के ईष्ठ देव की परिक्रमा कर रस्म निभाई। इस बारे में ग्रामीणें का कहना है कि यह प्रथा पीढ़ियों से चली आ रही है। इस अनूठी परंपरा में शिक्षित व्यक्तियों सहित समाज के सभी वर्गों की भागीदारी देखी जाती है। लोगों का मानना है कि ऐसा करने से उनकी मनोकामनाएं पूरी होंगी। गांव में सुख शांति रहती है।

### बेलर में रही होली की धूम



**छुईहा बेलर।** ग्राम बेलर में बजरंग चौक, शारदा चौक, सतनामी पारा, सबस्टेशन, शिवचौक सहित पूरे गांव में होली का जोरदार उत्साह देखा गया। रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली सोमवार को पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में थे। छिटपुट हल्की घटनाओं को छोड़ पूरे क्षेत्र में होली शांतिपूर्ण रहीं। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### रंगोत्सव में रंगा मडवाडिही



**छुईहा बेलर।** ग्राम मडवाडिही में रंगोत्सव का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस गांव में त्योहार की खुमारी सुबह से देखने को मिल रही थी। जगह-जगह महिलाओं एवं युवतियों की टोलियां गांव में लोगों को आदर से रंग लगाकर आशीर्वाद ले रही थी

## विधायक जनक ध्रुव ने बजाया नगाड़ा, गाया फाग

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के निवास पैरी सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पहली बार होली मिलन समारोह में सैकडों की संख्या में सभी राजनीतिक पार्टियों के लोग और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुबह 10 बजे समारोह का शुभारंभ विधायक श्री ध्रुव द्वारा नगाड़ा बजाकर किया गया। वहीं वे नगाड़े की ग्रामीणों के साथ जमकर थिरके।इस अवसर पर





कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खेदू नेगी, टीकम सिंह कपील द्वारा बेहतरीन फाग गीत की प्रस्तुति दी गई। श्री ध्रुव ने सभी लोगों को होली पर्व की बधाई दी।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, जिला उपाध्यक्ष टीकम सिंह कपील, कार्यकारणी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, प्रियंका कपील, उशा ध्रुव, नेयाल नेताम, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, सोहन नागेश, पिलेश्वर सोरी, अमित मिरी, डोमार साहू, तनवीर राजपुत, गजेन्द्र यादव, श्रीमती राधा यादव, देमोतिन बाई के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### कालोनी में हुआ होलिका दहन

**नवापारा-राजिम।** शहर के अरिहंत कालोनी में नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष देहुति-रतिराम साहू द्वारा आयोजित होलिका दहन पंडित कन्हैया तिवारी के मंत्रोच्चारण के बीच हुआ। इस अवसर पर मुहल्लेवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे। होलिका दहन के बाद आपस में गुलाल लगाकर प्रेम, स्नेह के बीच होली मनाया गया।



## शिक्षा मंत्री बृजमोहन का आज नगर आगमन

**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल आज गुरूवार को नवापारा पहुंच रहे है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायपुर लोकसभा के लिए प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उनका पहला नवापारा आगमन हो रहा है, लिहाजा कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखा जा रहा है।



मंडल अध्यक्ष उमेश यादव ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल कार्यकर्ता सम्मेलन में रात 8 बजे शामिल होंगे। यह कार्यक्रम रायपुर रोड स्थित कलामकोठी में रखा गया है। श्री अग्रवाल के अलावा सांसद सुनील सोनी, अभनपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक इंद्रकुमार साहू, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संयोजक अशोक बजाज, प्रभारी संदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग सहित जिला व प्रदेश के पदाधिकारियों के अलावा नवापारा मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। मंडल अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि श्री अग्रवाल गंज रोड में रायपुर लोकसभा चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन भी करेंगे। श्री यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने आग्रह किया है।

## डाक मतपत्र आवेदन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवाओं के मतदाताओं से प्रारूप-12 घ में आवेदन प्राप्त करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये गये है।

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए प्रारूप 12 घ में आवेदन प्राप्त करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये है। इनमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, विद्युत यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता, जनसंपर्क विभाग के सहायक संचालक, बीएसएनएल के अनुविभागीय अधिकारी एवं डाक घर के मुख्य पोस्ट मास्टर शामिल है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। इनमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी होगा, रेल परिवहन, बीएलएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित एवं भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी-कर्मचारी जो कि अपने शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जायेगी। उल्लेखनीय है कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन द्वितीय चरण पर होगा।

प्रारूप 12 घ में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 02 अप्रैल तक निर्धारित है। प्रारूप 12 घ में ओवदन करने के लिए संबंधित कर्मचारी को मोबाईल नम्बर, वोटर आईडी नं. एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा।

### जिला निगरानी समिति का हुआ गठन

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने जिला निगरानी समिति का गठन किया है। जिसके अध्यक्ष जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगी तथा सदस्य के रूप में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण समिति के नोडल अधिकारी एवं जिला कोषालय अधिकारी होंगे। इनके द्वारा मानक प्रचालन प्रक्रिया अनुसार किसी भी परिस्थिति में जप्त की गई नकदी, जप्त की गई बहुमूल्य वस्तुओं से संबंधित मामले, मालखाना या कोषागार में मतदान की तारीख के पश्चात 07 दिनों से अनाधिक समय के लिए तक लंबित नहीं रखे जायेंगे। जब तक कि कोई प्राथमिक शिकायत दर्ज न की गई हो। जिन मामलों में किसी प्रकार की प्राथमिकी शिकायत दर्ज न की गई हो, उनके जप्ती तथा उन्हें छोड़े जाने के लिए निर्देश जारी किया गया है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

खबर संक्षेप



## विदाई समारोह व न्योता भोजन कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला गढ़सिवनी में कक्षा 8वी के छात्रों को विदाई एवं शासन की बहुप्रतीक्षित योजना न्योता भोजन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधान पाठक एचआर टंडन, संतोष साहू (अध्यक्ष), राधेलाल पाटिल (उपाध्यक्ष ) द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात 8वी के छात्रों द्वारा चिट निकाल कर प्राप्त विषय पर अपनी प्रतिक्रिया दी गई। इस प्रकार बच्चों की विदाई एवं साथ में न्योता भोज का आयोजन संतोष साहू अध्यक्ष एवं राधेलाल पाटिल उपाध्यक्ष शाला विकास समिति गढ़सिवनी द्वारा दिया गया। प्रधान पाठक एचआर टंडन द्वारा आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेश कुमार साहू, लुकेश आवले, योगेश कुमार साहू, राधेश्याम यादव, पालकगण ओम प्रकाश सोनकर, हेमलता गोश्वमी, प्रतिमा सोनकर, रोशन मानिकपुरी उपस्थित रहे।

## व्यय प्रेक्षक 2 के लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त

**महासमुंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक 02 के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने संजू लाल सिंह, सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश को व्यय प्रेक्षक 02 के लाइजनिंग ऑफिसर का कार्य सौंपा गया है।

## निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए उड़नदस्ता नियुक्त

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए नियुक्त उड़नदस्ता दल के अधिकारी-कर्मचारियों में आंशिक संसोधन करते हुए विधानसभावार ड्यूटी लगाई है। विधानसभा क्षेत्र 41-खल्लारी के लिए तहसीलदार पिथौरा देवेंद्र कुमार सिरमौर तथा 39-सरायपाली के लिए नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार काले एवं उप अभियंता जनपद पंचायत सुशांत त्रिपाठी को उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है।

## सत्यापन के लिए दिया गया दायित्व

**महासमुंद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के लिए 28 मार्च से 04 अप्रैल 2024 तक नाम निर्देशन पत्र लिया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिला कार्यालय में स्थित फैसिलिटी सेंटर में नाम निर्देशन पत्र में अंगूठा निशान का सत्यापन करने के लिए अर्चना गुप्ता, सहायक संचालक ग्रामोद्योग को दायित्व सौंपा है।

## खल्लारी मंदिर बेमचा में चैत्र नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र पर्व पर ग्राम बेमचा स्थित मां खल्लारी मंदिर में शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद भगवत महापुराण का आयोजन 8 अप्रैल सोमवार से किया गया। प्रथम दिन 12 बजे शाम 4 बजे से भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। 9 अप्रैल मंगलवार दोपहर 12 बजे ज्योति प्रज्वलन स्थापना, यज्ञ समय प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक, भागवत एवं प्रवचन प्रवक्ता स्वर्णिम दीदी वृंदावन धाम द्वारा प्रवचन समय दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक होगी। संध्या आरती प्रतिदिन शाम 7 बजे तक, पंचमी विशेष हवन 13 अप्रैल, सप्तमी 15 अप्रैल, महानिशा पूजा रात्रि 12 बजे, अष्टमी हवन 16 अप्रैल 2024 प्रातः 11 बजे होगा। साथ ही श्री मद भगवत कथा समापन होगा। यज्ञ सहायक पांडुका आश्रम से पंडित सौरभ शुक्ला, पंडित दुर्गेश दुबे, पंडित सोनू पांडेय, पंडित दामोदर तिवारी, पंडित जितेंद्र उपाध्याय, त्र्यंबकेश्वर बनारस से रामेश्वरम आश्रम से पंडित प्रतीक पांडेय, सौरभ शर्मा, नितिन शुक्ला, लोकेश दुबे होंगे। उक्त जानकारी मां खल्लारी मंदिर के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### चुनाव : फॉर्म 12 घ जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल

# मतपत्र से मतदान की पात्रता और प्रक्रिया की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डॉक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।

भारत निर्वाचन आयोग आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12 घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। महासमुंद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय चरण में निर्वाचन सम्पन्न होना है। जिसके लिए फॉर्म 12 घ जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2024 है। प्रारूप 12 घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी।

### वोटर हेल्पलाइन एप जारी

निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डॉलकर इसे खोजा जा सकता है। जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों को फॉर्म 12 घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा। नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डॉक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। फॉर्म 12घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान संबंधी सूचना प्रदान की जाएगी, जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डॉलने में सक्षम है, उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12 घ नहीं भरना होगा।

# विकास की गाथा का हिस्सा और अर्थव्यवस्था का आधार है व्यापारी समाज : डॉ. संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



व्यापारी महासंघ बसना के तत्वाधान में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मां भारती की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। व्यापारी महासंघ द्वारा विधायक अग्रवाल का फूलमाला पहनाकर स्वागत तथा मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक संपत ने कहा कि हम सब का अन्नदाता अगर किसान है तो विकास की गाथा का हिस्सा व्यापारी बंधु है। अर्थव्यवस्था का आधार व्यापारी समाज है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का व्यापारी बंधु अधिक से अधिक लाभ उठाएं। छोटे, मध्यम और बड़े व्यापारी यदि सामंजस्य के साथ कार्य करें तो सबका भला होगा। आज पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर व्यापार और उद्योग में भागीदारी कर रही है। देश के विकास के लिए व्यापार, राजनीति सहित अन्य क्षेत्रों में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर जागेराम, आनंद राम मदनानी, लाला सिंह छाबड़ा, किशोरी लाल अग्रवाल, कश्मीरी लाल अग्रवाल, रघुवीर वास्तव, देवचरण अग्रवाल, जयनारायण अग्रवाल, नवल अग्रवाल, रीतेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, गिरीश नामदेव, मंजीत सिंह छाबड़ा, साजिद फुलारा, गुरबक सिंह तलूजा, दीपक अग्रवाल, सोनू वास्तव, अजय अग्रवाल, जयभगवान अग्रवाल, संजय आहूजा, सांवर अग्रवाल, इकबाल सिंह छाबड़ा, संगीत सलूजा, सतीश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, विजय मदनानी, विकास अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम मुढ़ीपार के सुखराम प्रजापति पिता स्व. रकबर प्रजापति (64) के पास से 4500 एमएल महुआ शराब कीमत 900 रुपए को बरामद किया है।



## विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में 86 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

**बागबाहरा।** लोकसभा चुनाव के चुनावी समीकरण में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीटों के प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा उपरांत 23 मार्च 2024 को महासमुंद लोकसभा की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बागबाहरा मंडी प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के उभरते आदिवासी युवा नेता व जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अंजोर सिंह ध्रुव,अजय ध्रुव, माधव मांझी, कार्तिक बरिहा, टोपेश ध्रुव, पूरन सबर, सेतराम ध्रुव, विनोद दीवान, हृदयराम ध्रुव, छत्तरसिंह ठाकुर के संयुक्त प्रयास से लगभग 86 लोगों का भाजपा प्रवेश दिलाया गया।

# मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार गिर रहा रुपए का स्तर: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



- डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरावट को पूर्व संसदीय सचिव ने बताया मोदी की गलत नीतियों का परिणाम

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपए लगातार अपने न्यूनतम स्तर पर चल रहा है। रुपए की इस गिरावट पर न तो प्रधानमंत्री की आवाज निकल रही है और न ही किसी अन्य भाजपाई के मुंह से कुछ निकल पा रहा है। इस रिकॉर्ड गिरावट का श्रेय भी आगे बढ़कर प्रधानमंत्री और सभी भाजपाइयों को लेना चाहिए। चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार के लचर वित्तीय प्रबंधन व गलत आर्थिक नीतियों के कारण एक डॉलर अब 83.52 रुपए के बराबर हो चुका है। देश के इतिहास में यह गिरावट आज तक की सबसे बड़ी गिरावट है। लगातार गिर रहे रुपए को संभालने के लिए केंद्र सरकार के पास न तो कोई नीति है और न ही किसी तरह की नीयत है।

## महाविद्यालय में लैंग्वेज लैब प्रशिक्षण का समापन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लैंग्वेज लैब का निर्माण किया जा रहा है। लैब के संचालन के लिए वर्डस वर्थ लैंग्वेज प्रोग्राम सेंटर गुजरात द्वारा महाविद्यालय के भाषा विभाग के प्राध्यापकों को आनलाइन प्रशिक्षण तीन चरणों में दिया गया। विदित है कि आगामी समय में महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन होना है। इस दिशा में नैक ग्रेडिंग को बेतहर बनाने के लिए महाविद्यालय नैक द्वारा पूर्व में दिये गये सुझावों का परिपालन करते हुए लैंग्वेज लैब का निर्माण प्राथमिकता के साथ कर रही है। लैंग्वेज लैब के निर्माण से महाविद्यालय के विद्यार्थियों में अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा की समझ में विस्तार होगा। मुख्य रूप से विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के दैनिक उपयोगी शब्द, उच्चारण, वर्तनी एवं स्पष्ट अभिव्यक्ति के गुण लैंग्वेज लैब के माध्यम से सीख सकेंगे। वर्तमान में लैब के प्रभावशाली संचालन के लिए भाषा विभाग के प्राध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो प्रशिक्षण उपरांत महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को भाषा के बारिकीयों को सिखाएंगे। प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशानुसार वड्र्स वर्थ लैंग्वेज लैब सेंटर गुजरात के भाषा वैज्ञानिक एलीन जान एवं अरींदम भट्टाचार्य द्वारा ऑनलाइन माध्यम से अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सी खलखो, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय, सहायक प्राध्यापक हिंदी सीमारानी प्रधान, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी आशुतोष पुरी गोस्वामी, अतिथि व्याख्याता नरेश कुमार, जनभागीदारी प्राध्यापक हिंदी अन्नपूर्णा देवांगन एवं टीकम साहू को दिया गया।

# नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाने संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के कार्यालय कक्ष क्रमांक 06 में अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया जाएगा। इस संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा संबंधित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि नाम निर्देशन पत्र तथा प्रारूप 26 में शपथ पत्र प्राप्त करते समय उसके प्रत्येक कॉलम की भली भांति जांच करनी चाहिए। इसी तरह अभ्यर्थियों को दी जाने वाली जांच सूची भी सावधानी पूर्वक तैयार करना चाहिए। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम महासमुंद उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा एवं आशीष कर्मा उपस्थित थे।

जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि अभ्यर्थी द्वारा नामांकन शुल्क 25 हजार रुपए जमा किया जाएगा। अनुसूचित एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को इस पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। परंतु, इसके लिए उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। एक अभ्यर्थी द्वारा अधिकतम 4 सेट में नाम निर्देशन पत्र जमा किया जा सकता है। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों के लिए प्रस्तावकों की संख्या एक होगी। इसी प्रकार अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त दलों तथा निर्दलीय अभ्यर्थियों के लिए




प्रस्तावकों की संख्या 10 होनी चाहिए। ये प्रस्तावक महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के मतदाता होने चाहिए।

नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित कुल 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के शपथ पत्र के सभी कॉलम भरे होने चाहिए। उनके द्वारा स्टांप साइज के फोटो जमा किए जाएंगे जो तीन माह से अधिक पुराना न हो। फोटो की पृष्ठभूमि सफेद होनी चाहिए, परंतु फोटो रंगीन व श्वेत श्याम हो सकता है। टोपी लगाकर या काला चश्मा लगाया हुआ फोटो स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र जमा करने के बाद तथा संवीक्षा की नियत तिथि के एक दिन पहले तक रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष निर्धारित प्रपत्र में शपथ या प्रतिज्ञान लेना होगा तथा उस पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतपत्र में अभ्यर्थियों के नाम तीन अलग-अलग श्रेणियों में होंगे जो हिंदी भाषा के आधार पर देवनागरी लिपि के वर्णक्रम के आधार पर निर्धारित किए जाएंगे।

### अभ्यर्थी 28 से कर सकेंगे नामांकन दाखिल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के लिए 28 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। द्वितीय चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन दिवस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक दाखिल कर सकते हैं। द्वितीय चरण लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल 2024 (गुरुवार) है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को होगी। नाम वापसी की तिथि 08 अप्रैल 2024 (सोमवार) है।



## शहर में जल संकट पर अधिकारी-कर्मचारी दें विशेष ध्यानः सीएमओ

**महासमुंद।** शहर में पेय जलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने जल विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पेयजल की समस्या को तत्काल दूर करने तथा खराब मोटर पम्प को सुधार कराने का निर्देश दिए। सीएमओ रात्रे ने जल विभाग के कर्मचारियों से कहा है कि इस बात का ध्यान रहे की नगर पालिका के पानी टैंकर का निजी उद्धेश्य से प्रयोग न हो। बिना रसीद काटे पानी प्रदाय करते पकड़े जाने पर संबंधित कर्मचारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल विभाग के उड़नदस्ते को रोजाना सुबह-शाम वार्डों में औचक निरीक्षण करने और टुल्लू पंप के माध्यम से पानी भरने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जल प्रभारी सीताराम तेलक, उप अभियंता दिलीप कश्यप, दुर्गेश कुंजेकार, नौशाद बक्श, बालमुकुंद वर्मा, विश्राम सिन्हा, टेक राम साहू, सुबेलाल आदि उपस्थित रहे।

# महासमुंद कांग्रेस भवन में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय कांग्रेस भवन में महासमुंद लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कांग्रेस भवन का चयन केंद्रीय कार्यालय के रूप में किया गया है। जिससे सरायपाली से लेकर बिंद्रानवागढ़ एवं कुरूद तक लोकसभा चुनाव का संचालन किया जा सके।

कार्यक्रम में महासमुंद जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष खिलावन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, प्रमोद चंद्राकर जिलाध्यक्ष वनोपज, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, सती साहू, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, संजय शर्मा प्रभारी महामंत्री, हरबंस सिंह ढिल्लो पूर्व उपाध्यक्ष, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, निखिलकांत साहू, अनवर हुसैन, राजेश नेताम, अमन चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, मनीष साहू, शकील खान, कुमारी देवार, देवनारायण ध्रुव, जाकिर रजा, दुर्गेश्वरी चंद्राकर, विनोद युगर, लोकनाथ सूर्यवंशी, प्रीति बदल मक्कड़, देवेंद्र चंद्राकर, पुनीत पटेल, आरती महंती, मृत्युंजय बोस, लखन चंद्राकर, अनीता साव, मनोहर ठाकुर, सतीश कन्नौजे, माया पांडे, कविता तिवारी, लक्ष्मी सोनी, सोनम रामटेक, ममता चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, प्रकाश अजवानी, सिकंदर खान, पूर्व पार्षद राजू साहू, रवि साहू, जावेद चौहान, हार्दिक सोना, बसंत चंद्राकर, मोती साहू, सचिन गायकवाड, हर्षित चंद्राकर, सुरेंद्र ठाकुर, डॉ तरुण साहू, गौरव चंद्राकर, साधना सिंह नैनी, टोमन सिंग कागजी, लीलू साहू, एरिस अनवर, तुलसी साहू, नारायण नामदेव, गोविंद चंद्राकर, निर्मल जैन, नितेंद्र बैनर्जी, इमरान कुरैशी, संतोष ठाकुर, रवि सिंह ठाकुर, जानी खान, ऋषि वर्मा, आरिफ बेग, राजेश डडसेना, एजाज नकवी, बादल बघेल, यशोदा ध्रुव, दीपक शेट्टी, कान्हा बघेल, योजना सिंह, यमुना वर्मा, सतीश चंद्राकर, प्रकाश सागर, शगनजोत सिंह आदि मौजूद रहे।



## झेरिया यादव समाज की बैठक हुई

**बसना।** छग झेरिया यादव समाज इकाई बसना तहसील के अध्यक्ष नरेन्द्र यादव ने जेराभरन परिक्षेत्र में बैठक ली। बैठक में भाजपा सांसद प्रत्याशी रूपकुमारी ओमप्रकाश चौधरी को समर्थन दिया। बैठक में जेराभरन परिक्षेत्र अध्यक्ष जीवन लाल यादव, परिक्षेत्र सचिव प्रभाकर यादव, परिक्षेत्र संगठन मंत्री बिहारी यादव, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष आनंद यादव, बौधन यादव, सदानंद यादव, कामधर यादव, घसिया यादव, चैनसिंग यादव, रामप्रसाद यादव, परमेश्वर यादव, डोडकसा परिक्षेत्र अध्यक्ष जदुमणि यादव आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने दी।

# हिंदी साहित्य जगत में स्मरणीय हैं महादेवी वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में हिंदी साहित्य की महान कवियित्री आधुनिक युग की मीरा महादेवी वर्मा की जयंती पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छायावाद की चार आधार स्तंभ में से एक प्रमुख स्तंभ के रूप में महादेवी वर्मा हिंदी साहित्य जगत में दैदिप्यमान है। महादेवी वर्मा एक ऐसी शख्शियत रही, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता के बाद भी देखा उसके रूदन को परखा और ममता व करूणा से परिपूर्ण होकर भारत में व्याप्त अंधकार को दूर करने वाली दृष्टि देने की सफलतम प्रयास किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉ अग्रवाल ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में कहा कि महादेवी वर्मा का नाम महादेवी उनके पिता ने अपने परिवार में दो सौ वर्षों बाद कन्या के आगमन होने की खुशी में रखा। महादेवी वर्मा साहित्य जगत में एक ऐसा चमकता सितारा थी, जो कभी नाम और यश के पीछे नहीं भागी। उनकी रचनाओं में इतना सामथ्र्य था कि वो छायावाद युग की प्रमुख आधार स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित हुई। शिक्षित और सभ्य परिवार की महादेवी वर्मा संस्कृत की परास्नातक नहीं उनकी भाषा संस्कृतनिष्ठ खड़ी बोली रही। महादेवी वर्मा का गद्य और पद्य में समान रूप से अधिकार रहा। डॉ. नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र ने आभार व्यक्त करते हुए महादेवी वर्मा के सम्मान और पुरस्कार को सबके साथ साझा किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉ. रीता पांडेय, डॉ. आरके अग्रवाल, दिलीप कुमार बढ़ाई, राजेश्वरी सोनी, मनीषा प्रधान, विजय कुमार मिर्चे, गौरव सोनी, मृणाली चंद्राकर, पूजा यादव, शिवानी तावरेकर, नम्रता तंबोली, रेशमा वर्मा, दीप्ति पटेल, रूखमणी साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अन्नपूर्णा देवांगन ने किया।

# पदयात्रा कर अयोध्या से लौटने पर राम भक्तों का किया गया स्वागत

**सरायपाली।** रामलला दर्शन के लिए पदयात्रा करते हुए अयोध्या गए इंद्रजीत साहू और राजू बहेरा के वापस लौटने पर स्वागत किया गया। राम राज्य परिवार अध्यक्ष नवीन देवता, उपाध्यक्ष दिनेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मंत्री आयुष पटनायक के नेतृत्व में फल, गमछा, पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। बाद डीजे, बाइक रैली के साथ नगर भ्रमण किया गया और राम मंदिर सरायपाली में समाप्त कर दोनों भाई को बधाई दिया गया। और नगरवासियों ने भी बताया कि सरायपाली के लिए गर्व की बात है।

दोनों ने 26 दिनों में सरायपाली से अयोध्या की पदयात्रा को पूर्ण किया और उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरण सभी का प्यार और साथ मिलता गया। इस दौरा राम



राज्य परिवार के सदस्य मयंक शर्मा, शिवम गंभीर, साहिल पटनायक, नवीन ठाकुर, गोल्डी सिंह, सोनू पढ़ी, दीपक यादव, नवीन भोई, राकेश यादव, बनती बहेरा, गौरव शर्मा, केशव रंजन, राजा स्वाइ, कान्हा साहू, जयप्रकाश बंजारा, दिनेश निषाद, मोनू राजपूत, केशव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मासूम रईयान ने रखा रोजा



**मैनपुर।** मुस्लिम समुदाय का मुकद्दस माहे रमजान का पवित्र माह चल रहा है। गर्मी और उमस में छोटे-छोटे बच्चे रोजा रख अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। नगर के रईयान मेमन 5 वर्ष ने पहला रोजा रखा और अल्लाह की इबादत की। कम उम्र में छोटे बच्चों के द्वारा रोजा रखकर मिसाल कायम किया जा रहा है। इस बीच रोजा रखने वाले इन बच्चों को फूलमाला पहनाकर रोजेदारों को सम्मान किया गया।

### मतदान केन्द्रों में लू से बचने करें सभी तैयारी

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान लू से बचाव तथा मतदान केन्द्रों में अनिवार्य सुविधाएं (एएमएफ) सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी दीपक कुमार अग्रवाल ने सर्व संबंधित विभाग प्रमुखों को पत्र प्रेषित कर कहा है कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान लू से बचाव के लिए मतदान केन्द्रों में अनिवार्य न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) उपलब्ध कराये। संबंधित अधिकारी अनिवार्य न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधी जारी दिशा निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करते हुए उसका कड़ाई से पालन करे।

### त्रिदिवसीय मानसगान स्पर्धा 28 से

**छुईहा बेलर।** ग्राम सेन्दर, चरभट्ठी में त्रिदिवसीय छत्तीसगढ राज्य स्तरीय श्री रामचरित मानसगान व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन 28 से 31 मार्च तक होगा। रामाधार साहू सेंदर, तुलस वर्मा सेंदर, थन्नु साहू चरभट्ठी, राजेश श्रीवास चरभट्ठी ने बताया कि संत गोवर्धन महाराज नारायण भगत परेवाडीह के सानिध्य में 28 मार्च को कलश यात्रा, त्रिदिवसीय अखण्ड दीप स्थापना, देव पूजन एवं स्थानीय मंडलियों की प्रस्तुति होगी। पहले दिन परसट्ठी, करेली, परतेवा, सोरिद, बेलमाण्ड, गुढ़ियारी रायपुर, चितमखार, बागबाहरा आदि की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष रामाधार साहू, उपाध्यक्ष डॉ. महेश कुंजाम सचिव तुलस वर्मा,उमेश नेताम,जनक साह योगेश देवांगन ,डॉ. हेमलाल साहू,परमानंद वर्मा, तुलसी साहू, घासी साहू, अजय वर्मा, रामू राम साह,पदुमन ध्रुव, तुलसी सिन्हा, भाउ देवांगन, पदुमन साहू, सालिक साहू, बालाराम साहू, आनंदसिंग ध्रुव, लीला राम यादव यशवंत साहू, ईश्वरी साहू, संदीप ध्रुव, कोमेश नगार्ची, विजेन्द्र सिन्हा कार्यक्रम की विशेष व्यवस्था व तैयारी में जुटे हुए हैं।

# ईव्हीएम-वीवीपैट मशीन का हुआ प्रथम रेण्डमाईजेशन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारत निर्वाचन अयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु विधानसभावार गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र (राजिम-54 एवं बिन्द्रानवागढ़-55) के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र राजिम-54 के 274 मतदान केन्द्र एवं बिन्द्रानवागढ़-55 के 299 मतदान केन्द्रों के लिए 21 प्रतिशत रिजर्व के साथ रेन्डमाईजेशन सॉफ्टवेयर के जरिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का चयन किया गया। बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, गोंडवाना गंणतंत्र पार्टी, आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे। कम्प्यूटरीकृत रेण्डमाईजेशन में राजिम विधानसभा के लिए रिजर्व सहित कुल 331 बैलेट यूनिट, 331 कन्ट्रोल यूनिट एवं 383 वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन किया गया।



### 418 वीवीपैट मशीनों का चयन

इसी तरह बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 361 बैलेट यूनिट, 361 कन्ट्रोल यूनिट एवं 418 वीवीपैट मशीनों का चयन किया गया। इस तरह दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 692 बैलेट यूनिट, 692 कन्ट्रोल यूनिट एवं 801 वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि ईव्हीएम एवं वीवीपैट के चयन में पारदर्शिता बरतने हेतु ऑनलाईन रेण्डमाईजेशन विधि अपनाई गई तथा इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

## पर्व : होली आस्था, विश्वास और आनंद का संगम

# होली के अंगारों पर चलकर बैगा ने की गांव में सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला





रसेला से लेकर अंचल के गांवों में जगह-जगह होलिका दहन के बाद होली मनाने में लोगों में गजब का उत्साह रहा। रविवार को रात्रि 11 बजकर 14 मिनट के बाद गांव के बैगा और ग्राम प्रमुख द्वारा शुभ मुहूर्त पर पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया। ग्रामवासी होलिका दहन के स्थान पर नगाड़े बजाकर एवं फाग गीत गाकर रात्रि जागरण किया।

### बैगा ने किया पूजा-अर्चना

सोमवार को सुबह बैगा एवं ग्राम के प्रमुख द्वारा होलिका की आग के शोलों को जमीन पर फैला देते हैं। फिर उन्हीं अंगारों पर एक-एक कर नंगे पांव चलते गये। ये अनोखी परंपरा कई सालों से यहां चली आ रही है। इस परंपरा के लोगों का मानना है कि, होलिका के अंगारों पर नंगे पांव चलने से प्राकृतिक आपदाएं और बीमारियां टल जाती है। पूरे गांव में घूम-घूमकर बच्चों एवं युवाओं की टोली ने मित्रों, परिचितों को रंग गुलाल से सराबोर कर दिया। रंग गुलाल लगाकर सभी वर्ग के लोग होली का आनंद लेते रहे।

### इष्ट को लगाया नए फसल का भोग

होली त्योहार पर अपने इष्टदेव, कुलदेव को नया गेहूं अर्पण कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसी दिन छतीसगढ़ी व्यंजन भी बनाया गया। होली के रंगों में भी संदेश छिपा हुआ है। जैसे कि लाल रंग क्रोध से, हरा इर्ष्या से, पीला पुलकित होने या प्रसन्नता से, गुलाबी प्रेम से, नीला रंग विशालता से, श्वेत शांति से और केसरिया संतोष/ त्याग से एवं बैंगनी ज्ञान से जुड़ा हुआ है। क्षेत्र के गांव कुडेडादादर, रूवाड, मेडकीडबरी, फूलबाहरा,मुढीपानी, कनसिधी, हिराबतर, रक्सी,सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा, भरूवामुडा, टोनहीडबरी, सिवनी, कामराज, पेंड्रा, कोठीगाव, पड़रीपानी गोड आदि गांवों में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## रहस नृत्य देखने उमड़ी भीड़







**पांडुका।** पांडुका अंचल के सभी ग्रामों में सोमवार को धूमधाम से होली पर्व मनाया गया। रविवार रात्रि पूजा अर्चना करने के बाद होलिका दहन किया गया तथा सोमवार को बच्चों, युवाओं ने प्रसिद्द फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर फाग गीतों और नगाड़ों की धुन पर बच्चे, युवाओं तथा महिला व पुरूषों ने जमकर होली खेली। शीतलापारा मोहल्लावासियों ने भाईचारे का संदेश देते हुए धूमधाम से होली पर्व मनाया। वही संध्या न्यूशांति नगरवासियों ने रहस नृत्य के माध्यम से इस भक्ति के रंग में खुद को रंगने राधा-कृष्ण, गोपी-सखा का रूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसमें क्रिशलाल साहू राधा रानी का रूप धारण कर ऐसा प्रतीत हो रही थी मानो सचमुच की राधा रानी इस गांव की गलियों में नृत्य कर रही हो और उसने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कुमार दीवान, लक्ष्मीकांत यादव, साक्षी यादव, लक्षिता यादव, रेख राम साहू, विजय, उमाशंकर, गजेन्द्र निर्मलकर, यादराम, चूडामनी, चित्रसेन, चवनऋषि, चेतन निषाद, सुरेश साहू, रमेश दीवान, ठाकुर, राजा, पुष्कर, पिंटू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# भेंडरी शाला में हुआ न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

प्राथमिक शाला भेंडरी के प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी एवं सरपंच मोहनलाल साहू के पहल पर खेलावन साहू द्वारा अपने पिता स्व.मंशा राम साहू के दशगात्र कार्यक्रम के अवसर पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय भेंडरी के समस्त बच्चों को पूर्ण न्योता भोज कराया गया। इसमें ग्रामीणों के साथ ही शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था। उन्होंने भी बच्चों के साथ बैठकर न्योता भोज किया। स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद एके सारस्वत निर्देश पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, बीआर सी सुभाष शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड फिंगेश्वर में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। जिसे अमल में लाते हुए बच्चों के खान-पान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने यह पहली अभिनव पहल गरियाबंद जिले के विकासखंड फिंगेश्वर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भेंडरी के बच्चों को संयुक्त रूप से आमंत्रित कर की गई।

## चिखली स्कूल में हुआ न्योता भोज



**गरियाबंद।** शासकीय हाई स्कूल चिखली में न्योता भोज का आयोजन किया गया। आरटीओ अधिकारी रविंद्र ठाकुर के सुपुत्र अद्विक के जन्म दिवस पर आयोजित इस भोज में शाला परिवार के लगभग 60 से 65 छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण, ठाकुर परिवार के सदस्य उपस्थित हुए। प्राचार्य बीके हिरवानी ने योजना की प्रशंसा की। इस अवसर पर सुरेश ध्रुव, ज्ञानेंद्र शर्मा, ओमेश्वरी वर्मा, विजय लक्ष्मी भगत, दल प्रसाद साहू, ओम प्रकाश साहू, गिरजा ध्रुव आदि मौजूद थे।

## प्रकृतिक का निखार



**मैनपुर।** पतझड़ के साथ ही क्षेत्र के पेड़-पौधों में नये पत्ते आने लगे हैं और मैनपुर वनांचल क्षेत्र में इन दिनों प्रकृतिक का निखार अपने पूरे सबाब पर है। यह मनोरम दृश्य मैनपुर-तौरेंगा पगडंडी मार्ग का है।

## ओडिशा से गुजरात ले जा रहे थे डेढ़ क्विंटल गांजा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली/महासमुंद

गांजा तस्करी के आरोप में दो अंतर्राज्यीय तस्करों को सिंघोड़ा पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके तस्करों से कब्जे से 150 किलो गांजा जब्त किया और आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च को मुखबिर की सूचना पर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक ओडी 15 डब्ल्यू 9593 को रोका गया। वाहन में दो व्यक्ति सवार थे। नाम-पता पूछने पर अपना नाम लेफरीपडा जिला सुंदरगढ़ (ओडिशा) निवासी प्रभाकर पति (37), मंगलपुर थाना काटाबनिया जिला ढेकानल (ओडिशा) निवासी सत्यजीत भोई (25) बताए। पूछताछ करने पर गोल-मोल जवाब देने लगे। कड़ाई से पूछताछ करने पर वाहन के पीछे डाला में सफेद रंग के रेला के नीचे गांजा रखकर ओडिशा से गुजरात ले जाना बताए। तलाशी लेने पर वाहन के पीछे डाला में सफेद रंग के रेला के नीचे 150 किलो गांजा मिला। आरोपियों के कब्जे से 150 किलो गांजा कीमती 22.50 लाख रुपए, ट्रक कीमती 20 लाख रुपए, दो मोबाइल कीमती 12 हजार रुपए, नकदी 1000 रुपए कुल जुमला 42.63 लाख रुपए जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# बिन्द्रानवागढ़ में उड़न दस्ता दल का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 55 बिन्द्रानवागढ़ अंतर्गत उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर गठित दल से समन्वय एवं संपर्क स्थापित करते हुए प्रतिदिन जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवभोग को प्रेषित करने के लिए नायब तहसीलदार विजय कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

उरमाल क्षेत्र के लिए दल क्रमांक 1-ए के प्रभारी अधिकारी उप अभियंता सौरभ कौशल दास एवं उनके सहयोगी रतन साहू, राहुल कुमार उईके दल क्रमांक- 1 बी के प्रभारी अधिकारी उप अभियंता राजेश्वर डहरिया एवं उनके सहयोगी डीगम्बर बघेल एवं विवेक नागराज, दल क्रमांक 1-सी के प्रभारी अधिकारी उप अभियंता दीपांशु कुमार एवं उनके सहयोगी श्याम सुंदर भूआर्य एवं लच्छी राम यदु है। इसी प्रकार खुटगांव क्षेत्र के लिए दल क्रमांक 2-ए के प्रभारी अधिकारी रविसिंह सोनवानी एवं उनके सहयोगी यमप्रकाश रजक एवं मो. शकील अहमद खान, दल क्रमांक 2-बी के प्रभारी अधिकारी अश्वनाथ सिंह एवं उनके सहयोगी मुकेश कुमार पाण्डेय व मोरध्वज सिंह भारद्वाज, दल क्रमांक 2-सी के प्रभारी अधिकारी राधाकृष्ण शर्मा एवं उनके सहयोगी मुलेन्द्र साहू व जीवन लाल बघेल की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा झरियाबाहरा क्षेत्र के लिए दल क्रमांक 3-ए के प्रभारी अधिकारी राजकुमार धुर्वा एवं उनके सहयोगी चन्द्रकांत विश्वकर्मा एवं दिनेश कुमार यादव, दल क्रमांक 3-बी के प्रभारी अधिकारी सहायक अभियंता कमलेश कुमार चन्द्राकर एवं उनके सहयोगी शत्रुघन सिन्हा व रामनाथ नेताम तथा दल क्रमांक 3-सी के प्रभारी अधिकारी अमरनाथ मरकाम एवं उनके सहयोगी दिनेश कुमार शांडिल्य व चैतराम यादव की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई गई है।

# बैंककर्मी ने माइक से मारा किसान का सिर फूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

बया के सहकारी बैंक शाखा में बैंक कर्मी द्वारा एक किसान से मारपीट का मामला सामने आया है। चपरासी द्वारा माइक से मारने से किसान का सिर फट गया है। किसानों द्वारा कार्रवाई को लेकर बैंक के सामने धरना प्रदर्शन जारी है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर 3 बजे करीब 100 से भी अधिक किसानों का भुगतान नहीं होने की जानकारी देकर विड्रॉल फॉर्म पासबुक वापस ले जाने को कहा गया तो वहां पर उपस्थित बैंक के कर्मी ने किसी किसान का विड्रॉल फॉर्म फाड़ दिया, किसान द्वारा आपत्ति दर्ज करने पर बैंक कर्मचारियों ने किसान के सिर पर माइक से हमला कर दिया, जिससे किसान का सिर फट गया और खून निकलने लगा। जिससे किसान आकोशित हो गए और धरने पर बैठ गए। सूचना पर समाचार लिखे जाने तक चौकी प्रभारी के घटना स्तर पर नहीं पहुंचे हैं। बैंक प्रबंधन मामले को दबाने के लिए प्रयासरत है। साथ ही किसानों ने आरोप लगाया है कि स्थानीय बैंक में दलालों का कब्जा हो गया है। दलाल किस्म के लोगों को एक साथ 10-20 लोगों का भुगतान अंदर ही अंदर किया जा रहा है, जो गरीब किसान 50-50 किलोमीटर से सुबह से आकर बैठे हैं उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है। हर विड्रॉल फॉर्म पर बैंक प्रबंधन द्वारा 500 से 1000 रुपए लिया जा रहा है।


# भीषण गर्मी के साथ चुनावी मौसम में बढ़ी कॉटन-खादी कपड़ों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देश में लोकसभा चुनाव को लेकर तारीख घोषित हो गई है। उम्मीदवारों ने अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार अभियान तेज कर दिया है। गर्मी के इन दिनों में लोकसभा चुनाव होने के कारण खादी और काटन पैजामा कुर्ता की मांग अचानक बढ़ गई है। नगर के कपड़ा दुकानों में काटन और खादी कपडों की मांग को देखते हुए अनेक प्रकार के वैराटी आ गए हैं।

### गमछा की मांग बढ़ी

गर्मी को देखते हुए प्रत्याशी व राजनीतिक दलों द्वारा बाजार से थोक में कॉटन गमछा लिया जा रहा है। एक साथ 100–100 गमछा खरीदकर ले जा रहे हैं, जो अपने कार्यकर्ताओं को धूप से बचने के लिए दे रहे हैं।लोकसभा चुनाव में भीषण गर्मी रहेगी, लिहाजा राजनीतिक कार्यकर्ताओं और नेताओं को धूप से बचने गमछों की जरुरत पड़ेगी। गर्मी में राहत देने वाला कपड़ा खादी और काटन की मांग बढ़ गई है। चुनाव के मौसम में खादी और काटन खूब भा रहा है।





### मोदी जैकेट की मांग

अधिकांश युवा हाप जैकेट मोदी जैकैट की मांग कर रहे हैं। युवा नेताओं के पसंद को ध्यान में रखते हुए कपड़ा व्यापारियों ने राजधानी से स्पेशल जैकेट मंगवा लिया है। गरियाबंद में भी खादी कपड़ा और काटन कपड़ों की मांग बढ़ गई है। क्षेत्र के अधिकांश युवा अपने पंसद का ड्रेस लेने गरियाबंद भी पहुंच रहे हैं। जंहा एक हजार से लेकर सात हजार तक के जैकेट अपने पंसद से खरीद रहे है। बाजार में वर्तमान में 500 रुपए से लेकर 5 हजार तक के रेडिमेड कुर्ता, पैजामा, जैकेट का कांबो उपलब्ध है।

### क्या कहते हैं कपड़ा व्यवसायी

मैनपुर नगर के वरिष्ठ कपड़ा व्यवसायी आलोक गुप्ता ने बताया कि गर्मी के साथ ही चुनाव और अन्य त्यौहार के कारण काटन कपड़ों के साथ खादी कपड़ों की मांग बढ गई है। युवाओं को कुर्ता पैजामा और हॉप जैकेट बहुत पंसद आ रहा है। अधिकांश युवा वर्ग के लोग सुती, लिलेन और खादी का कुर्ता पैजामा की मांग करते हैं।

मैनपुर शक्ति फैब्रिक्स के मुकेश अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के साथ ही चुनाव के कारण काटन कपड़ों और खादी कपड़ों की मांग तेज हो गई है। सफेद कुर्ते पैजामा के साथ अब रंगीन कुर्ते पैजामा की भी मांग बढ़ गई है।

न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

**/ / उद्घोषणा / /**

रा.प्र.क्र./202402220600009/अ-21/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/ विक्रेता उर्वशी देवांगन पति रामकुमार देवांगन जाति कोष्टा निवासी कूंरा तहसील धरसीवा जिला रायपुर द्वारा ग्राम/ नगर छुरा प.ह.नं. 24 में तहसील छुरा जिला गरियाबंद में स्थित आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 282/27 रकबा 0.022 हे. को अनावेदक / क्रेता टोपेश्वर कुमार साहू पिता थानूराम साहू ग्राम कसेरूडीह तहसील राजिम जिला गरियाबंद के पक्ष में विक्रय को अनुमति देने हेतु न्यायालय कलेक्टर जिला गरियाबंद के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किये है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्ध्दशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 08.04.2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/ आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद - मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
छुरा (छ.ग.)



## होली के रंग में रंगा शहर



*राजिम। धर्म नगरी राजिम में होली पर्व शालीनता के साथ मनाया गया। पर्व के दौरान बहुत ज्यादा उत्साह और उमंग का वातावरण युवतियों और बच्चों में देखा गया। जो रंग-गुलाल से सराबोर नजर आए। छोटे बच्चे रंग गुलाल और पिचकारी देखकर रोमांचित थे।*







### आने वाले वर्ष में ड्रोन से पुष्पवर्षा के साथ होगा भक्तों का स्वागत

# भक्तों के साथ होली खेलने गर्भगृह से बाहर निकले भगवान श्री राजीव लोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

प्रदेश भर में राजिम के होली का विशेष महत्व है। क्योंकि यहां बरसाने और वृंदावन जैसी होली होती है। यहां भगवान श्री राजीव लोचन अपने भक्तों के साथ होली खेलने गर्भगृह से बाहर निकलते है। भगवान के साथ होली खेलने आसपास के सैकड़ों गांव के अलावा प्रदेश के कई जिलों से बड़ी तादात में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। रंग-गुलाल के बौछारों के साथ फाग गीत और नगाड़े की धुन पर सभी जमकर थिरकते नजर आए। छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम में भगवान श्री राजीव लोचन के साथ होली खेलने सोमवार को राजनेताओं सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में शहर के लोग एवं आसपास के सैकड़ों गांवों के श्रद्धालु पहुंचे थे।

विशाल मंदिर परिसर भक्तों, होलियारों और श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। भीड़ में हर किसी का चेहरा गुलाल के कई रंगों से रंगा हुआ था। भगवान श्री राजीव लोचन का श्रृंगार साक्षात मोहनी रूप में किया गया था, जो काफी आकर्षक लग रहा था। परिसर में फाग गीतों और नगाड़े की थाप पर ठुमके लगाने वालों की भारी भीड़ थी। मंदिर में उड़ते रंग-गुलाल का शानदार दृश्य, मौजूद कई हजारों की भीड़ को रोमांचित कर रहा था। भगवान और भक्तों के बीच यहां होली खेलने की परंपरा सैकड़ो वर्षो से चला आ रहा है। श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में शाम को अनोखा दृष्य उस वक्त देखने को मिलता है, जब भगवान गर्भगृह से बाहर श्रद्धालुओं के साथ रंग-गुलाल खेलने के लिए बाहर निकलते है। यह क्षण मंदिर परिसर में मौजूद हजारों लोगों के लिये बड़ा ही सुखद अवसर होता है। लोगों की भीड़ अधिक होने के कारण अधिकांश लोगों को दूर रहकर ही दर्शन करना पड़ा है। भगवान श्री राजीव लोचन जी का होली के दिन विशेष श्रृंगार किया गया था।

### विधायक रोहित ने बजाया नगाड़ा

श्री राजीव लोचन मंदिर के होली उत्सव में राजिम के भाजपा विधायक रोहित साहू न केवल शामिल हुए बल्कि उन्होंने जोरदार नगाड़ा भी बजाया। नंगाड़े के थाप पर भाजपाई तो भाजपाई कांग्रेसी भी, विधायक श्री साहू के ताल में ताल मिलाकर जमकर ठुमके लगाए। मंदिर का यह दृश्य काफी रोमांचित करने वाला रहा। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि आने वाले साल में ड्रोन कैमरा से पुष्प वर्षा कर भक्तों का शानदार स्वागत किया जाएगा। विधायक श्री साहू ने होली के अवसर पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए भगवान श्री राजीव लोचन से मंगल कामना किया। होली के दौरान मंदिर परिसर में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

### भक्तों के साथ भगवान खेलते हैं होली

मंदिर ट्रस्ट कमेटी से मिली जानकारी के मुताबिक प्राचीनकाल से मंदिर में भगवान और भक्तों के बीच होली खेलने की परंपरा है। यह अवसर वर्ष में केवल एक बार आता है। इसलिए लोगों को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बार भी जैसे ही भगवान की पालकी बाहर निकली, तो भक्तों ने रंग-बिरंगी गुलाल उड़ाना शुरू कर दिया। जिससे पूरा परिसर होलियाना रंग में रंग गया । भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर परिसर में होली खेलने राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम नगर पंचायत की अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, साहू समाज भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, जिला भाजपा के उपाध्यक्ष महेश यादव, किशोर साहू, लोकनाथ साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, मोरध्वज सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गांव-गांव से लोग पहुंचे थे।







## विधायक रोहित ने आमजनों के साथ गाया फाग, खेली होली

**राजिम।** शहर के गरीब और उपेक्षित बस्तियों के लिए इस बार होली का पर्व खुशियां लेकर आई। यहां से चुने हुए भाजपा विधायक रोहित साहू होली मनाने सबसे पहले न केवल इन्हीं बस्तियों में पहुंचे बल्कि इन बस्तियों के रहवासियों के साथ रंग-गुलाल खेलकर मिठाई भेंट कर उनके साथ नगाड़े की थाप पर ठुमके भी लगाए।

विधायक श्री साहू अपने सहयोगियों के साथ सबसे पहले देवारपारा पहुंचे। यहां उन्होंने नगाड़े की धुन पर नृत्य किया। उन्होंने लोगों को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी और लोगों को मिठाईयां खिलाई। उन्होंने मोहल्लेवासियों के साथ बैठ कर उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण का आश्वासन देते हुए कहा कि देश में मोदी का शासन है और प्रदेश में विष्णुदेव साय का शासन। किसी बात की चिंता आप लोग न करें। आपकी समस्याओं को हम गंभीरता से लेते हैं और उसका समाधान भी करेंगे।

यहां से रवाना होकर वे सहिसपारा तथा सतनामीपारा पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा गुरू घासीदास मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुहल्ले के लोगों ने विधायक को रंग-गुलाल से रंग दिया।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मनीष हरित, पार्षद टंकु सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर, नगर पंचायत के सभापति ओमप्रकाश आडिल, राकेश मांड्रे, महेश यादव, किशोर साहू, कमल सिन्हा, खुशी साहू, मधु नत्थानी, केसरी तंबोली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।







## होली मिलन में छलका उत्साह



**कोपरा।** पुष्पा जगन्नाथ साहू जनपद अध्यक्ष के द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत बोरसी में महिला भवन में महिला होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाओं ने होली गीतों पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। सभी ने इस होली को यादगार बनाते हुए पुष्प होली खेली। इसके अलावा गुलाल के साथ फूलों की वर्षा कर सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में भुनेश्वरी साहू धमनी, ललिता साहू परसदा कला, लोकेश्वरी साहू बेलटुकरी, सरस्वती साहू भैंसाकरण, केसर साहू कुम्ही, हीरा साहू सेमरतारा, हेमलता साहू रोहिना, जानकी साहू किरवई, पुष्पा साहू, नूतन साहू, कुसुम साहू, लता साहू, सीमा साहू, हीराबाई साहू, हेमिन साहू, ललिता साहू,उमेश्वरी साहू आदि मौजूद थी।

## शांतिपूर्ण ढंग से मनाई होली



**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल में छोटी-मोटी वारदातों को छोड़कर पुलिस गश्त एवं नागरिकों के सहयोग से होली पर्व शांति से संपन्न हो गई। होलिका दहन के साथ ही नागरिकों ने दूसरे दिन एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया। होली का पर्व सही मायने मे बुराई को त्यागने एवं अच्छाई का दामन थामने का संदेश देता है। पर्व को लेकर जिले से आई पुलिस बल के साथ फिंगेश्वर थाना प्रभारी शाह एवं स्टाफ ने फलेग मार्च किया। होलिका दहन में नगर के चौक-चौराहे पर लोगों ने होली जलाकर परंपरा का निर्वहन किया। वहीं पर दूसरे दिन रंग लगाकर होली की बधाई दी। कुछ स्थानों पर मारपीट की घटनाओं को छोड़कर होली पर्व शांतिपूर्ण निपट गया।



## होली में जमकर उड़े रंग-गुलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

रंग उत्सव का पर्व रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली सोमवार को पूरे क्षेत्र सहित लोहरसी, भेंडरी, सहसपुर जेंजरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़ पूरे जिले में होली शांतिपूर्ण रहीं। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। रविवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो रविवार शाम से ही दिखने लगी थी। सुबह 8 बजे के बाद हर कोई होलियाना मुड़ में थिरक रहा था जोदोपहर तक जारी रहा।



## होली के रंग में डूबा मैनपुर



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में होली का पर्व धूमधाम के साथ मनााय गया। होली के दिन युवाओं की टोलियों ने जमकर होली खेली। वहीं गोहरापदर नगर में रंगोत्सव पर नगरवासी सौहाद्रपूर्ण वातावरण में सभी से मिले और एक-दूसरे को होली की बधाईयां दी। ग्राम पुजारी देवीसिंह नेताम, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी, पूर्व सरपंच मेघराम बघेल, दीनाराम साहू, नरसिंग यादव, भूषण तिवारी, उपसरपंच अल्तमश खानं, प्रेमसिंह यादव, तुकाराम पांड़े, लक्ष्मीनारायण यदु, जगतराम यादव ग्राम के देवी-देवताओं के मंदिर में पहुंच कर आशीर्वाद लेकर ग्रामीणों से मिलते होली की बधाई देते हुए शिव मंदिर पहुंचे। बजरंग चौक में होली मिलन हुआ, जहां सभी ने रंग लगाकर बधाई दीं।

## स्कूली बच्चों ने मनाई होली



**फिंगेश्वर।** होली पर्व को लेकर प्राथमिक शाला बारुला में शिक्षकों एवं बच्चों ने धूमधाम से एक-दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई। प्रधान पाठक लता ध्रुव एवं शिक्षकों ने शाला के बच्चों को होली पर्व का महत्व बताया।भक्त प्रहलाद एवं होलिका की कथा भी बताई। शिक्षक और बच्चों ने फाग गीत गाकर नृत्य किया। इस अवसर पर उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगरनाथ गुप्ता, जितेंद्र साहू, दर्शन साहू, रुक्मणी साहू, शिक्षक श्रीमती मोती ध्रुव, हीरामन साहू, कमलकांत सेन आदि उपस्थित थे।

## सशिमं में हुआ होली मिलन



**कोपरा।** साहू समाज ग्राम तर्रा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास से होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें साहू समाज के अध्यक्ष गिरधारी राम साहू, स्कूल समिति के सचिव गोपाल साहू, मोनू साहू, प्रधानाचार्य शेषनारायण साहू, समस्त आचार्य एवं दीदी एवं समस्त भैया-बहने मौजूद थे।

## नगर में भव्य कलशयात्रा निकालकर भागवत कथा का प्रारंभ





**फिंगेश्वर।** श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन 27 मार्च को स्थापना को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा विभिन्न मंदिरों की परिक्रमा कर कथा स्थल पहुंची। वेदिका पूजा के साथ कथा की स्थापना की गई।

नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं डिप्टी रेंजर दीपक तिवारी परिवार मौली पारा द्वारा अपने दिवंगतों की स्मृति में मोक्ष की कामना को लेकर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 27 मार्च से किया जा रहा है। जिसमें भगवताचार्य कथावाचक भागीरथी तिवारी फिंगेश्वर हैं। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में तिवारी परिवार एवं नगर की महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में 28 मार्च से कथा प्रारंभ होगी। जिसमें कथा के महत्व के साथ इतिहास एवं श्रवण का लाभ बताया जाएगा। कथा का शुभारंभ प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से होगा। कार्यक्रम में भोग भंडारा की व्यवस्था रखी गई है। कार्यक्रम में प्रतिदिन भागवत कथा का रसपान करने आयोजक परिवार द्वारा नागरिको को आमंत्रित किया गया है।







